सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक- कु.स. 43 /2022

दिनांक: 19 अक्टूबर, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

विश्वविद्यालय के पत्रांक कु.स.7836 दिनांक 30.07.2022 द्वारा समस्त महाविद्यालयों को ABACUS-UP पोर्टल (http://abacus.upsdc.gov.in) पर पंजीकरण कर अपेक्षित आंकडों को अपलोड करने तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक-पंजीकरण को दिनांक 07 अगस्त 2022 तक पूर्ण कर अपेक्षित आंकडों को उक्त पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गई थी। शास्त्री प्रथम/आचार्य प्रथम के सत्र 2022-23 में प्रवेशित छात्र उक्त पोर्टल पर Student ⟶ New Registration विकल्प के माध्यम से अपने पंजीकरण कर सकेंगे।

उक्त के क्रम में उच्च शिक्षा अनुभाग के पत्रांक 3162/सत्तर-3-2022 दिनांक 08.08.2022, पत्रांक 3265/सत्तर-3-2022 दिनांक 23.08.2022 तथा पत्रांक 3314/सत्तर-3-2022 दिनांक 26.08.2022 द्वारा ABACUS-UP पोर्टल पर प्रविष्टियां अपलोड किये जाने सम्बन्धी वर्चुअल समीक्षा बैठक में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग, द्वारा न्यून प्रविष्टियों को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त का गयी थी और निर्देशित किया गया था कि उक्त प्रविष्टियों को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाय।

पुनः उ.प्र. शासन द्वारा जारी पत्रांक डिग्री अर्थ-1 कम्प्यूटर/409-10/22-23 दिनांक 13.10.2022 के माध्यम से अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराने तथा डाटा अपलोड नहीं कराने को लेकर खेद व्यक्त किया गया है।

एतदर्थ समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रबन्धक/शिक्षकगणों से पुनः सानुरोध अपेक्षा है कि दिनांक 31.10.2022 तक उक्त पोर्टल पर महाविद्यालयों का पंजीकरण कर अपेक्षित यथानिर्दिष्ट सूचनाओं को अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त सूचना से यथासमय शासन को अवगत कराया जा सके।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्राचार्य/प्रबन्धक/शिक्षकगण समस्त संस्कृत महाविद्यालय।
3. सिस्टम मैनेजर/नोडल अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य को उनके लॉगिन आई.डी. के माध्यम से सूचित कराने का कष्ट करें।
4. आशुलिपिक कुलसचिव।
5. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी